मेट्रो-3 के ट्रायल की तैयारी, विद्या नगरी से एमआईडीसी के बीच दौड़ी भूमिगत मेट्रो

सुजीत गुप्ता | मुंबई

मुंबई में निर्माणाधीन देश की सबसे लंबी भूमिगत मेट्रो लाइन के पहले चरण पर दिसंबर अंत तक परिचालन शुरू करने की योजना है। यह परियोजना मेट्रो-3 के अंतर्गत आती है। इसमें पहला चरण एमआईडीसी से विद्या नगरी के बीच का है, जिसमें लगभग 9 किमी की दूरी आती है। इस चरण का काम लगभग पूरा हो गया है। मुंबई मेट्रो रेल कारपोरेशन लिमिटेड (एमएमआरसीएल) मेट्रो-3 कॉरिडोर पर ट्रायल रन की तैयारी कर रहा है। एमआईडीसी से विद्यानगरी मेट्रो स्टेशन के बीच शनिवार को 17 किमी अंडरग्राउंड टनल में मेट्रो को (अप-डाउन) दौड़ाया गया। ट्रायल रन से सिग्नलिंग सिस्टम, ट्रैक सहित अन्य तकनीकी पहलुओं की जांच होगी।

मेट्रो का महाजाल

मेट्रो-1 : वर्सोवा-अंधेरी-घाटकोपर (परिचालन शुरू), **मेट्रो-2 ए** : दहिसर से डी.एन नगर (परिचालन शुरू), **मेट्रो-2 बी** : डी.एन नगर से मंडाले, **मेट्रो-3** : कुलाबा-बांद्रा-सीप्ज, **मेट्रो-4** : वडाला-घाटकोपर-ठाणे- कासारवडवली, **मेट्रो-5** : ठाणे-भिवंडी-कल्याण, **मेट्रो-6** : स्वामी समर्थ नगर से विक्रोली, **मेट्रो-7**: अंधेरी पूर्व से दहिसर पूर्व (परिचालन शुरू), **मेट्रो-8** : मुंबई एयरपोर्ट- मानखुर्द- नवी मुंबई एयरपोर्ट, **मेट्रो-9** : दहिसर ईस्ट से मीरा-भाईंदर लाइन, **मेट्रो-10** : गायमुख से शिवाजी चौक मीरा रोड, **मेट्रो-11** : वडाला से सीएसएमटी, **मेट्रो-12** : कल्याण से तलोजा, **मेट्रो-13** : शिवाजी चौक से विरार, **मेट्रो-14** : कांजूरमार्ग से बदलापुर।

देश के सबसे लंबे भूमिगत मार्ग की विशेषता

- कोलाबा-बांद्रा-सिप्झ के बीच परिचालन
- कुल दूरी 33.5 किलोमीटर
- दिसंबर 2023 में पहला चरण शुरू करने की योजना
- पहले चरण में एमआईडीसी से बीकेसी के बीच होगी शुरू
- सेवा शुरू करने मेट्रो रेक और तकनीकी सिस्टम तैयार
- पहले चरण के लिए 9 रेक की आवश्यकता
- 8 रेक मुंबई पहुंचे, अक्टूबर के अंत तक शेष 1 रेक

आरे से बीकेसी पहला चरण कितना पूरा

- कॉरिडोर पर 92% काम
- स्टेशन और टनल वर्क 98.3%
- स्टेशन निर्माण 95%
- मेन लाइन ट्रैक वर्क 99%
- पूरा सिस्टम वर्क 75%
- डिपो निर्माण करीब 75%

मेट्रो -3 के पहले चरण के कॉरिडोर पर परिचालन की तैयारी की जा रही है। योजना के मुताबिक सबकुछ ठीक रहा तो दिसंबर के अंत तक अंडरग्राउंड मेट्रो सेवा शुरू हो जाएगी। **-वैदेही मोरे**, प्रवक्ता, एमएमआरसीएल